भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †934
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**महाकुंभ 2025**

†934. **श्री दिनेशभाई मकवाणा:**
**श्री जुगल किशोर:**
**श्री दामोदर अग्रवाल:**
**डॉ. मन्ना लाल रावत:**
**डॉ. भोला सिंह:**
**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:**
**डॉ. विनोद कुमार बिंद:**
**श्री महेश कश्यप:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा महाकुंभ 2025 को एक वैश्विक पर्यटन केन्द्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विपणन और राजनयिक सहयोग सहित की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) यात्रियों और आगन्तुकों को यात्रा और आवास सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य पर्यटन बोर्डों, एयरलाइनों, आतिथ्य उद्योगों, यूपीएसटीडीसी और आईआरसीटीसी जैसे पर्यटन हितधारकों के साथ स्थापित किए गए सहयोग का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त पहल के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फिक्की और एसोचैम जैसे उद्योग परिसंघों के साथ सहयोग कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) स्थानीय समुदायों के लिए विशेषकर आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन सेवाओं के संदर्भ में व्यवसाय और आर्थिक अवसर प्रदान करने में उक्त उद्योग परिसंघों की क्या भूमिका है;

(ङ) सरकार की लाखों संभावित तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और जन स्वास्थ्य सुरक्षा किस प्रकार सुनिश्चित करने की योजना है; और

(च) क्या आगंतुकों के अच्छे अनुभव और सूचना की सुलभता को बढ़ाने के लिए वर्चुअल पर्यटन, मोबाइल अनुप्रयोगों और एआई-आधारित नौवहन प्रणालियों जैसे डिजिटल नवोन्मेषों को कार्यान्वित किया जाएगा?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से महाकुंभ 2025 को बढ़ावा दे रहा है। मंत्रालय ने सूचना प्रदान करने एवं विदेशी पर्यटकों, मीडिया, प्रभावशाली व्यक्तियों आदि सहित पर्यटकों को जोड़ने के लिए मेला क्षेत्र में एक अतुल्य भारत मंडप की स्थापना की है।

महाकुंभ के लिए यूपीएसटीडीसी, आईआरसीटीसी, एयरलाइंस आदि द्वारा प्रदान किए जाने वाले नए क्रिएटिव, विभिन्न टूर पैकेजों का एक डिजिटल ब्रोशर, उड़ान विकल्प, आवास विकल्प तैयार करके परिचालित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यटकों के लिए एक समर्पित महाकुंभ पर्यटक इन्फोलाइन (1800111363) स्थापित की गई है।

पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी महाकुंभ का प्रचार किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्रालय के एक पीएसयू, भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) ने टेंट सिटी, प्रयागराज में 80 लक्जरी टेंट आवास तैयार किए हैं।

संस्कृति मंत्रालय ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के माध्यम से मेला क्षेत्र में एक सांस्कृतिक ग्राम अर्थात् कलाग्राम की स्थापना की है, जिसमें अनुभूत मंडपम, कलाकारों का प्रदर्शन, खाद्य क्षेत्र, पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प तथा हथकरघा आदि का प्रदर्शन एवं बिक्री शामिल है।

संगठन, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों एवं अन्य हितधारकों की सुरक्षा, संरक्षा एवं निरोगता सहित अवसंरचना और सुविधाओं में वृद्धि राज्य सरकार के विषय हैं।

*****